

## सीईओ जिला पंचायत ने किया ट्रेंचिंग ग्राऊँड का निरीक्षण

**मण्डला।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ट्रेचिंग ग्राऊँड निरीक्षण किया। ट्रेचिंग ग्राउंड के निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने आधुनिक मशीनों के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान चलाकर गीले तथा सूखे कचरे को पृथक-पृथक संग्रहित करें। कचरा प्रसंस्करण केन्द्रों को संचालित करते हुए गीले कचरे से खाद आदि बनाने की प्रक्रिया ली। इस दौरान जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सीमा पटले, सीएमओ नगरपालिका गजानंद नाफडे.सहित संबंधित उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ मंडला द्वारा नवनियुक्त ए.सी.का आत्मिक स्वागत किया गया



**नारायणगंज।** राज्य शासन के आदेश द्वारा श्रीमती वंदना गुप्ता प्राचार्य शासकीय उच्चतर मध्यमिक विद्यालय नारायणगंज को प्रथम श्रेणी प्रचार्य के उच्च पद प्रभार पर पदोन्नत कर सहायक आयुक्त के पद पर जनजाति कार्य विभाग मंडला मे कार्य करने हेतू अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, उक्त आदेश के परिपालन में श्रीमती गुप्ता ने आज मण्डला आकर सहायक आयुक्त के पद पर अपनी उपस्थिति प्रदान की इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ मण्डला के प्रतिनिधि मंडल जिसमें अध्यक्ष विवेक शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश चंद्रोल, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंगोर, सचिव योगेश चौरासिया, उपिध्यक्ष शैल दुबे,अनिल मरकाम, मदन कछवाहा इत्यादियों ने बुके भेंट कर नवागंतुक सहायक आयुक्त को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए जोरदार स्वागत किया एवं उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के संबंध में विस्तार से चर्चा किया इस पर मैडम के द्वारा समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही गई अंत में श्रीमती गुप्ता के द्वारा शिक्षक संघ के साथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें-कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वाहन चालन के दौरान (सहचालक सहित) हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से धारण करें। साथ ही अपने वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित करें। बिना हेलमेट एवं बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के कार्यालय आने वाले अधिकारी/कर्मचारियों पर विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को मिला 4 बाघों का दुर्लभ नजारा

**सिवनी** के पेंच टाइगर रिजर्व में साल(2024) के आखिरी दिन पर्यटकों को याद का नजारा देखने को मिला । पेंच नेशनल रिजर्व में मंगलवार को शाम की सफारी के दौरान चार बाघों को एक साथ देखकर पर्यटक खुशी से फुले नहीं समाय। पर्यटकों ने इस नजारे को अपने कमरे में कैद कर लिया उनके लिए यह नजारा एक यादगार पल के तौर पर बन गया । नए साल का जश्न के साथ पेंच नेशनल रिजर्व में आए पर्यटकों को यह नजारा हमेशा याद रहेगा एक साथ चार बाघों का देखना दुर्लभ ही होता है। पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए साल का आखिरी दिन यादगार रहा।

## भोंदा गांव का पहुंच मार्ग जर्जर

# स्कूल जाने में हिचकते हैं बच्चे, ग्रामीणों ने जन सुनवाई में पहुंचकर पक्की सड़क बनवाने दिया आवेदन

मण्डला

सरकार एक वर्ष की उपलब्धि को गांव-गांव बयां कर रही है और वही गांव के लोग बेहतर आवागमन के लिए तरस रहे हैं। मामला ग्राम पंचायत लपटी के पोषक ग्राम भोंदा का जहां बेहतर पहुंच मार्ग न होने के कारण बच्चे स्कूल जाने से परहेज कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना में इस मार्ग को शामिल कर सुलभ और बेहतर बनाया जाये ताकि हम ग्रामीणजनों के साथ स्कूल जाने वाले बच्चे भी बेहतर सफर का आंनद ले सकें।

विकासखंड बिछिया अंतर्गत लपटी ग्राम पंचायत के पोषक गांव भोंदा में ऊबड़-खाबड़ पहुंच मार्ग होने के कारण गांव में ही स्थित प्रायमरी स्कूल में पढऩे जाने वाले बच्चे भी स्कूल जाने में हिचकते हैं। इतना ज्यादा खराब मार्ग होने का दंश ग्रामीणों को वर्षों से भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री सडक़ योजना से जोडक़र पक्की सडक़ बनाने कई बार आवेदन निवेदन किये जा चुके हैं और ग्राम पंचायत के द्वारा प्रस्ताव पारित कर संबंधित विभाग को कार्यवाही के लिए पहुंचा दिये जाने की जानकारी है। बावजूद अब तक



लगभग 700 की आबादी वाले इस गांव के भीतर अच्छी और व्यवस्थित मार्ग का निर्माण नहीं कराया जा सका है। जिसके दुष्परिणाम स्वरूप ग्रामीणों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### इसी मार्ग से ग्रामीण अपने मुश्किल सफर को कर रहे तय

-गांव से लगभग 1 किलोमीटर दूर लपटी ग्राम पंचायत मुख्यालय है, जहां पर तमाम शासकीय कार्य कराने के लिए ग्रामीणों को इसी मार्ग से होते हुए हमेशा आना-जाना पड़ता है। ग्राम पंचायत भवन, शासकीय उचित मूल्य की दुकान, मिडिल स्कूल और ग्राम आरोग्य केंद्र जैसे जरूरत के लिए भी इसी कच्चे मार्ग से होते हुए लपटी आना-जाना पड़ता है। ग्रामीणों को राशन लेने, बच्चे मिडिल कक्षा पढऩे और दवा इलाज कराने इसी ऊबड़-खाबड़ रास्ते से लपटी गांव तक आने-जाने में बड़ी मुश्किल जाती है, हाट-बाजार के लिए बिछिया 7 किलोमीटर दूर है, इसके लिए बरही मार्ग तक लगभग डेढ़ किलोमीटर जरूरत की समान वजन लेकर आने-जाने में भी बड़ी दिक्कत उठानी पड़ती है। प्रायमरी स्कूल में पढऩे वाले इसी गांव के छोटे बच्चों को इसी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय तक कंधे पर तक बैठाकर पहुंचाना पड़ता है। नवमीं से बारहवीं पढऩे बिछिया या केवलारी जाने वाले बच्चे कच्ची सडक़ होने के कारण साइकिल से आना-जाना नहीं कर पाते हैं।

### मार्ग को सुविधाजनक बनाने की मांग

इस कच्चे रास्ते के कारण तिपहिए या चौपहिए जैसे सार्वजनिक वाहन भी रैगुलर नहीं चल पाते हैं। बरसात के दिनों में तो एंबुलेंस जैसी अति आवश्यक सेवाएं भी गांव तक नहीं पहुंच पाती हैं। इस गांव में अपनी बेटी को विवाह देने में भी अन्य गांवों के रिश्तेदारों को बार-बार सोचने को विवश होना पड़ता है। इस तरह से और भी तरह-तरह की अनगिनत परेशानियां इस मार्ग के पक्के नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। इस ओर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा पा रहा है। ग्रामीण सुरेश चौहान और गुलाब अहिरवार ने यह भी बताया कि लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे पत्थर, गिट्टी वाले इस मार्ग को हाल ही में जल निगम योजना के पाइप लाइन बिछाने वालों ने इसको खोदकर और भी बर्बाद कर दिया है। जागरूक ग्रामीण सुरेश चौहान और गुलाब अहिरवार ने जनसुनवाई में आवेदन देकर जल्द ही इस मार्ग को सुविधाजनक बनवाने का निवेदन किया है।

# एसबीआई ने छात्रों को बांटी नि:शुल्क साइकिल

**मण्डला।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर की आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को सशक्त बनाने हेतु साईकिल वितरण की गई। उच्चतर वित्तीय समावेशन एवं बैंक के दायरे को बढ़ाने के दोहरे लक्ष्य को सुनिश्चित करने और विशेष रूप से बैंकिंग सुविधा रहित क्षेत्रों में अल्पसुविधा प्राप्त वर्गों को व्यापक वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक की वित्तीय समावेशन योजना के अंतर्गत व्यवसाय-प्रतिनिधियों के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना शामिल है। भारतीय स्टेट बैंक वंचित पृष्ठ भूमि के विद्यार्थियों को सशक्त बनाने में सक्रिय रूप से शामिल है ताकि ऐसी विद्यार्थी अपना भविष्य उज्जवल कर सके भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से इन छात्राओं को लाभ प्राप्त होगा समारोह में भारतीय स्टेट बैंक मंडला क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अर्जुन सिंह बिष्ट एवं मुख्य प्रबंधक जनार्दन लाल, नीलेश दुबे, दीपक लखेरा, प्रबंधक मानव संसाधन दीपक भदानी उपस्थित रहे साथ ही विद्यालय प्राचार्य श्रीमती विभा मिश्रा एवं उप प्राचार्य रविन्द्र कुमार चौरसिया एवं लाभावित छात्राएं पूर्वी इनवाती, आस्था मरावी, कजली कोकडिय़ा, संस्कृति झारिया, श्रेष्ठा मरावी, रोशनी झारिया, आरती मार्को एवं उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक अर्जुन सिंह बिष्ट के द्वारा छात्राओ को बैंकिंग सुविधाओ का लाभ एवं दैनिक जीवन में गुणवत्ता लाने हेतु आवंटित साईकिल का उपयोग करने कि सलाह दी स्टेट बैंक के मुख्य उद्देश्य हैं सरकार की व्यापक आर्थिक नीतियों के अनुरूप कार्य करना ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में शाखाएं खोलकर बचत को प्रोत्साहित करना और जुटाना तथा ग्रामीण ऋण को बढ़ावा देना सहकारी ऋण के प्रावधान में सरकारी भागीदारी स्थापित करना है। इस दौरान छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक व बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत मुक्ति मोर्चा ने सौंपा तीन सूत्रीय ज्ञापन



**मण्डला।** भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा,राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा एवं बहुजन क्रांति मोर्चा के अलावा तमाम मूलनिवासी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी तीन मांगों को लेकर मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया है। भारत मुक्ति मोर्चा जिला महासचिव पीडी खैरवार ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय आव्हान पर मंगलवार 31 दिसंबर को तीन सूत्रीय मांग पत्र लेकर जिले भर के तमाम संगठनों से जुड़े मूलनिवासी हितैषी महिला पुरुष बंजरचौक में एकत्र हुए। ईवीएम हटाओ, बैलेट पेपर लाओ, ओबीसी जातिगत जनगणना कराओ और अमित शाह स्तीफा दो के नारों के साथ सभी अपने-अपने बैनर लिए पंक्तिबद्ध होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर ज्ञापन के लिए कलेक्टर प्रतिनिधि एसएलआर ने ज्ञापन लेकर संबंधित के पास पहुंचाने की बात कही। ज्ञापन में सामिल जनों ने एक स्वर से कहा,कि ईवीएम से धोखाधड़ी के साथ वोटों पर कब्जा जमाकर अपनी ही पार्टी की सरकार बनाते रहने में भाजपा माहिर हो गई है। देश का मूलनिवासी वर्ग ईवीएम मशीन से वोटिंग सिस्टम बंद कर बैलेट पेपर से वोटिंग कराने की लंबित मांग को दोहराया है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुंजबिहारी पटेल ने बताया, कि ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना की मांग वर्षों से किये जाने के बाद भी सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। आखिर ओबीसी वर्ग की जातिगत जनगणना कराने सरकार पीछे हटती क्यों है? लोकतंत्र के हित में सरकार को जातिगत जनगणना आज के आज कराना होगा। भारत मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सिंह पंद्रो ने बताया कि आज संपूर्ण भारत देश में एक साथ भारत बंद का आवाहन किया गया है। इसी आवाहन पर जिला मुख्यालय में भी मूलनिवासी हितैषी तमाम संगठनों के साथ ज्ञापन सौपकर मुख्य मांगों को उचित पटल पर रखे जाने का प्रयास किया गया है। विश्वास है,कि महामहिम राष्ट्रपति महोदय इस विषय पर जल्द ही निर्णय लेंगे। महिला मोर्चा और समर्पित महिला मंडल मोर्चा से चेयरमैन कलिया बाई कोकडिय़ा ने बताया, कि जल्द ही मांग पूरी नहीं होने पर संघर्ष को और भी तेज किया जाएगा। इस अवसर पर बामसेफ जिला अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद झारिया, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महासचिव कुंजबिहारी पटैल, अकल सिंह धुर्वे, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा से असलम नूरी, युवा बेरोजगार मोर्चा से डाक्टर सुरेन्द्र साहू, राष्ट्रीय किसान मोर्चा से बुद्द सिंह सरौते, सुदामा पटैल, सचिव दशरथ धुर्वे, हुकुम शाह मरावी, अब्दुल कय्यूम अंसारी, सहजान सिंह परस्ते, श्याम लाल झारिया, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वहीद अहमद, कोषाध्यक्ष जहूर अहमद, समर्पित सेवा महिला मंडल संस्था मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा पंद्रो, सचिव बुधिया विश्वकर्मा, शशि विश्वकर्मा, हेमलता कुंजाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 107 लीटर अंग्रेजी शराब व क्रेटा गाडी जब्त



मण्डला

31 दिसंबर की रात शहर में पैट्रोलिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शराब के अवैध परिवहन के संबंध में प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए 19 पेटी लगभग 107 लीटर अंग्रेजी शराब व देशी शराब के परिवहन में प्रयुक्त गाड़ी जब्त कर दो आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गयी।

थाना कोतवाली पुलिस को 31 दिसंबर 2024 की रात शहर में पैट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि एक सफेद क्रेटा कार MP09CW3017 में दो व्यक्ति शराब भरकर नैनपुर तरफ से आ रहें हैं। मामले में प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली टीम द्वारा सर्किट हाऊस के सामने रपटा रोड मण्डला के सामने कार के आने का इंतजार करने लगे कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताये गये व हुलिया के कार के नहीं रोकने पर पीछा कर फारेस्ट रेस्ट हाउस के सामने रोककर साक्षीयों के समक्ष कार में बैठे दोनो व्यक्तियों का नाम पता पुछकर गाडी. की तलाशी ली गई। अपना नाम शरद यादव पिता अशोक यादव उम्र 19 साल निवासी वार्ड न. 04 रेल्वे म्यूजियम नैनपुर तथा दुसरे ने अपना नाम दीपक कुमार गुप्ता पिता लाल मोहन प्रसाद गुप्ता उम्र 30 साल निवासी ग्राम छत्तरपुर थाना छत्तरपुर जिला पलोमा, झारखण्ड हाल शरद यादव का घर नैनपुर का होना बताया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अंग्रेजी गोवा कम्पनी की 05 पेटी 22 लीटर 500 एमएल, अंग्रेजी ओल्डमंग बाटल 03 पेटी 13 लीटर 500 एमएल, अंग्रेजी ओल्डमंग की एक पेटी 04 लीटर 320 एमएल, अंग्रेजी मैगडाल रम की एक पेटी कुल 04 लीटर 320 एमएल, अंग्रेजी बकार्डी लीची की एक पेटी 04 लीटर 320 एमएल, अंग्रेजी बकार्डी लीची की एक पेटी 04 लीटर 500 एमएल, देशी मदीरा प्लेन की 02 पेटी 09 लीटर, अंग्रेजी किंगफिशर बीयर की 04 पेटी 36 लीटर, अंग्रेजी हंटर बीयर की एक पेटी 09 लीटर कुल जुमला 107 लीटर शराब जिसकी कीमत लगभग 53,200/- रूपये हैं। जिसके परिवहन के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किये गये। उक्त कृत्य आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध का होना पाया जानें से अंग्रेजी व देशी शराब व शराब के अवैध रूप से परिवहन में प्रयुक्त क्रेटा वाहन जिसकी कुल अनुमानित कीमत शराब सहित अनुमानित कीमत लगभग 08 लाख है जब्त कर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में आबकारी अधिनियम की 34(2) के तहत अपराध क्रमांक 01/2025 पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया हैं।

उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मंडला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में टीम द्वारा की गयी जिसमें सहायक उप निरीक्षक भूनेश्वर वामनकर , प्रधान आरक्षक पूरन ईडपांचे, आरक्षक अमित गरयार, सुंदर भलावी, रमेश सिंगरौरे, भन्नु मार्को, रामचंद्र, राजपाल, सुधीर, संदीप एवं शेखर शामिल रहें।

## नगर परिषद एवं बम्हनी पुलिस ने नगर भ्रमण कर देखी नगर की व्यवस्था, लोगों को दी समझाईश



**बम्हनीबंजर।** मंगलवार को नगर परिषद एवं बम्हनी पुलिस की संयुक्त दल ने नगर भ्रमण करते हुए व्यवस्था सुधारने निकले जहां सडक़ पर बसों को व्यवस्थित खड़ी करने एवं बस स्टैंड प्रांगण में अव्यवस्थित दुकानदारी करने वालों पर सख्ती, सामानों की जब्ती बनाई और लोगों को समझाइश भी दी गई। दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पार्किंग स्थल पर समान रखने तथा शेड बाहर निकाल कर रेलिंग लगाकर समान रखकर व्यवसाय करने पर समान अंदर कराने के लिए सीएमओ मीना पटेल ने समझाइश दी साथी ही बम्हनी पुलिस प्रशासन का भी सहयोग नगर परिषद के कर्मचारी को प्राप्त हुआ। थाना प्रभारी प्रदीप पांडे एवं स्टाफ मौके पर मौजूद रहकर अवैध पार्किंग एवं दुकानों को हटाने में सहयोग प्रदान किया। बम्हनी बंजर नगर परिषद में सीएमओ अतिक्रमण दस्ता के साथ नगर परिषद के सामने से गांधी चौक तक पैदल भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पार्किंग स्थल पर समान रखने तथा शेड बाहर निकाल कर रेलिंग लगाकर समान रखकर व्यवसाय करने व शेड निकालने। रेलिंग हटाने की कार्यवाही करने के साथ-साथ समान दुकान के अंदर रखने की समझाईस दिये तथा ठेला, सब्जी ठेला के अलावा समान फैलाकर नही रखने समझाईस दी। उन्होंने नगर के सडक़ों में समान रख व्यवसाय करने वाले, अवैध कब्जा करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने तकनीकि अधिकारियों व कर्मचारियों का संयुक्त दल गठन किया है। चौक-चौराहों, गली, मोहल्लों व व्यस्तम मार्गो बस स्टैंड से रेल्वे स्टेशन सहित अन्य मार्गो के दुकानदारों द्वारा पार्किंग स्थल में समान बाहर रखकर एवं समान बाहर लटकाकर व्यवसाय किया जाता है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं वाहन पार्किंग व आवगमन में असुविधा होती है। रस्ते के सामने फल व अन्य ठेला समोसा वालों को ठेला में ही रखकर समान विक्रय करने, सडक़ में फैलाकर समान नहीं रखने समझाइश दी। जिसमें आमजन भी और व्यापारियों की शिकायत पर नगर परिषद के द्वारा दुकान के सामने लाइन बनाई गई। इस लाइन के अंदर ही दुकान का सामान और पार्किंग की व्यवस्था दुकानदार को रखनी होगी। ये संपूर्ण जवाबदारी दुकानदार की होगी।

# सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की विकास निधि से छोटा रपटा पुल का हुआ कायाकल्प

प्रशासन के कार्यों की स्थानीय नागरिकों ने की प्रशंसा




**मण्डला।** मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा जारी की गई सांसद विकास निधि से नर्मदा नदी पर स्थित पुराने छोटा रपटा पुल का कायाकल्प किया गया। मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि रपटा पुल में पाथवे निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2024=25 की सांसद विकास निधि से राशि अनुशंसित कर जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया गया, जनहितैषी इस कार्य को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने तत्काल प्रभाव से गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य को संबंधित एजेंसी से कराया,इस कार्य की स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा की है। गौरतलब है कि छोटे पुल में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे जिसमें पैदल यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती थी ,मुख्य रूप से यहां इवनिंग व मॉर्निंग वॉक के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिलाएं युवा सीनियर सिटीजन सबसे ज्यादा आते हैं साथ ही इस पुल से स्कूली छात्र, मजदूर, तीर्थ यात्रियों का पैदल आवागमन बना रहता है। इन दिनों नर्मदा जी की पंच चौकी आरती में शामिल होने महाराजपुर से बड़ी संख्या में नागरिक इसी पुल से पैदल आना जाना कर रहे हैं। छोटे रपटा एवं बड़े पुल में रंग रोगन भी किया जा रहा है जिसके कारण नर्मदा तट की सुंदरता और अधिक बढ़ गई है।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा 2 जनवरी को जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक लेंगे

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा 2 जनवरी 2025 को प्रातः 11:30 बजे आरती पंजीयन कक्ष और प्रातः 11:45 बजे रेवापथ का शुभारंभ करेंगे। आप सायं 4 बजे जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक लेंगे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा 3 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे सुगम्य अभियान दोपहर 12 बजे लान टेनिस का शुभारंभ करेंगे। सायंकाल 4 बजे फसल ऋण प्रकरणों की समीक्षा और सायं 5 बजे जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक लेंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा 4 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे नेत्र ज्योति कार्यक्रम और दोपहर 12 बजे चौगान होम स्टे का शुभारंभ करेंगे। सायं 4 बजे सामाजिक संगठनों के अध्यक्षों की बैठक लेंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा 6 जनवरी 2025 को सायं 4 बजे पीआईयू विभाग अंतर्गत निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक लेंगे। 7 जनवरी 2025 को सायं 4 बजे लोक निर्माण विभाग की निर्माण संबंधी समीक्षा बैठक लेंगे। 8 जनवरी 2025 को सायं 5 बजे बीडीसीएल विभागांतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। 9 जनवरी 2025 को सायं 4 बजे जिला योजना विभागान्तर्गत सांसद, विधायक एवं जनभागीदारी तिथि अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा 10 जनवरी 2025 को सायं 5 बजे मनरेगा एवं आरईएस विभागान्तर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे।

## गुणवत्ताहीनता एवं अनियमितता की भेट चढ़ा बिछिया पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण कार्य

**भुआबिछिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया अस्पताल परिसर में आमजन को सुविधा मुहैया कराने के लिए मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के द्वारा एक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य में अनियमितता एवं गुणवत्ताहीनता देखने को मिल रही है। बिछिया के साथ साथ ठेका कंपनी के पास इस प्रकार के सामुदायिक स्वास्थ्य भवन (पब्लिक हेल्थ यूनिट) बीजाडांडी, घुघरी, मंडला, मोहगांव, नैनपुर, निवास का भी निर्माण ठेका लिया गया है। क्या बिछिया पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माणकार्य की भांति शेष अन्य निर्माण कार्यों में भी अनियमितता अपनाई जा रही है? यह जांच का विषय बन जाता है।

**सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत हुआ खुलासा -**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया अस्पताल परिसर में हो रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ताहीनता को देखते हुए युवा नेता अक्षत झारिया के द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन कर जानकारी मांगी गई।

### जांच रिपोर्ट में लोहे में मिली भिन्नता -

जानकारी मिलने पर ज्ञात हुआ कि स्टीमेट में तथा जांच रिपोर्ट में लोहे में भिन्नता पाई गई है। जिससे संबंधित अधिकारियों के संरक्षण में अनियमितता होने की आशंका है। उक्त कार्य का अनुबंध दिनांक की समयावधि 21/08/23 को हुआ था एवं कार्य 8 माह में पूर्ण किया जाना था। जिसकी समयावधि भी निकल चुकी हैं और कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है।

### विभाग आयुक्त तक पहुंच चुकी हैं शिकायत -

उक्त संबंध में टेकराम राय विधायक प्रतिनिधि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया एवं युवा नेता अक्षत झारिया के द्वारा मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मंडल के आयुक्त को शिकायत की गई नि अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है।

**खबर संक्षेप**

## कैरोसिन न मिलने से गरीब परेशान, लकड़ी खरीदना हो रहा मुश्किल

**गाडरवारा।** वर्तमान हाईटेक दौर में हालॉकि शहर के घरों में खाना बनाने के लिए रसोई गैस का इस्तेमाल किया जा रहा है पर शहर की आबादी के बड़े हिस्से में गरीब बर्ग के लोग आज भी कैरोसिन र्इंधन पर ही निर्भर है जो खाना बनाने के लिए मिट्टी के तेल का ही उपयोग कर रहे है। ज्ञातव्य है कि शहर में मिट्टी के तेल की सर्वाधिक खपत होती है, जिसके चलते नगर के गरीबों का कहना है कि इन दिनों अनेक गरीबों को सरकार के गैस कनेक्शन तो प्रदान किये गये है, मगर उनके भरोसे पूरे घर का खाना बन सके यह संभव नही है। इस स्थिति में जिन लोगों को शासन द्वारा गैस कनेक्शन प्रदान किये गये है उन्हें मिट्टी तेल देना बंद कर लिया गया है और जलाऊ लकड़ी के चल रहे भाव आसमान को छूते हुए दिखाई दे रहे है जो गरीबों द्वारा खरीद पाना मुश्किल जान पड रहा है तथा नगर में कैरोसिन की भी किल्लत है। क्योंकि अनेक गरीबों को शासकीय दुकानों से मिट्टी का तेल नही मिल पा रहा है, इस प्रकार से नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग की कैरोसिन के वितरण में कोताही बरतने का नतीजा है कि गरीबों को जरूरत के हिसाब से मिट्टी का तेल उपलब्ध नहीं हो रहा है? उन्होंने बताया कि सहकारी दुकानों से गरीबो को जहां कैरोसीन नही दिया जा रहा है तो कुछ गरीबों को केवल मुश्किल से दो लीटर कैरोसिन हर माह वितरित किया जाने लगा है और शहर में अब मिट्टी के तेल की कालाबाजारी भी होने लगी है। शहर के अनेक गरीबो का आरोप है कि वास्ताविक हितग्राही तो मिट्टी के तेल से वंचित है मगर विडम्बना की होटलो, मिठाई की दुकानो के संचालक ब्लेक में कैरोसिन खरीद गरीबो का र्इंधन माने जाने वाला मिट्टी का तेल अपनी भट्टियो में फूॅक रहे है। शहर के मजदूरो, गरीब परिवारो की गृहणियो ने प्रशासन से मॉग की है कि शहर में मिट्टी के तेल की हो रही कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की पहल करें ताकि गरीब अपने घरों में आसानी से दो वक्त चूल्हा जला सके।

## बेनूर हो रही शहीद नगरी की बाबड़ी

**चीचली।** स्वतंत्रता संग्राम मे यहॉ के देशभक्त मंशाराम की शहादत, वर्तन उद्योग के अलावा चौगान के किले ने चीचली को समूचे देश मे पहचान दिलायी। गौड़ शासनकाल मे रानी दुर्गावती ने चीचली क्षेत्र मे अनेक मंदिरो, तालाबों का निर्माण कराया था, जो उपेक्षित होने के बावजूद अपना अस्तित्व बचाए हुए है। गौड़ साम्राज्य के स्मृति स्थलो की कड़ी मे राजमहल चीचली के सामने रानी दुर्गावती के परिवारजनों नें मजबूत आकर्षक बावड़ी का निर्माण कराया था जिसमे बहुत वर्षो तक पानी संरक्षित रहने के प्रमाण मिलते है, लेकिन विडम्बना की बात है कि प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से यह बावड़ी बेनूर हो गयी है। सच्चाई पर नजर डाली जावे तो वर्षो की बरसात, ऑधियॉ सहने के बाद इसकी दीवारे क्षतिग्रस्त होती चली जा रही है और बाबड़ी के आस पास फैली गंदगी के बीच यह बावड़ी अपने शानदार अतीत पर ऑसू बहा रही है। गौरतलब है कि पुरा सम्पदर माने जाने वाली इस बाबड़ी की विशेषता का खास पहलू यह है कि उपेक्षित रहने के बाद भी अभी तक इसका अस्तित्व मिटा नही है और यदि शासन प्रशासन स्तर पर बावड़ी के सुधार की दिशा मे प्रयास किए जाएॅ तो इसका खोया गौरव फिर लौट सकता है।

**नर्मदा तटों पर दिन भर चलती रही भर्ती बांटी की पार्टिया तो विदाई देते हुये वर्ष को रात में आयोजित हुये अनेक कार्यक्रम**

# बडे ही उत्साह के साथ किया गया नये वर्ष 2025 का स्वागत, तेज ठंड के बाद भी शिवधाम डमरूघाटी सहित अनेक मंदिरों में देखने मिला भीड़ का आलम









**निश्चित तौर से जिस प्रकार से बीते हुये वर्ष 2024 की शुरूआत जहां शिवजी के प्रिय दिवस सोमवार से हुई थी। मगर विदाई संकटों से मुक्ति दिलाने वाले भगवान हनुमानजी के प्रिय दिवस मंगलवार को होने से निश्चित ही लोगों अब संकटों से मुक्ति मिलने की आस भगवान श्रीगणेश जी से लगाई जा रही है। क्योंकि नये वर्ष 2025 का आगाज प्रथमपूज्य भगवान श्रीगणेश के के प्रिय दिवस बुधवार से हुआ है। इस प्रकार से बीते हुये मंगलवार यानि की 31 दिसम्बर 2024 की रात वर्ष को अंतिम सलाम कर शहर के युवाओं ने उत्साह से नए वर्ष का जश्न मनाया गया।**



**गाडरवारा।** क्योंकि नये वर्ष के स्वागत के दौरान हुडदंग लीला मचाने वालों पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक प्रियंका केवट की टीम द्वारा पैनी नजर रखी जा रही थी। जिसके चलते युवाओं ने अनुशासन का परिचय देते हुए विशेष घ्वनि यंत्रों के साथ अपने स्तर पर गीत संगीत के कार्यक्रम नगर में अनेक जगहों पर आयोजित किए गये और शहर के सुंदर स्थानों पर पिकनिक मनाने का आनंद लेते हुए अपने साथियों के गले मिल उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई तथा अनेक युवाओं ने फटाखे फोड़ नए वर्ष 2025 का जोरदार स्वागत करते हुये जश्न मनाने के बाद संकल्प लिया कि वे शहर के बहुमुखी विकास में सहभागी बनेगे। वही दूसरी ओर देखने मिला कि रात को टी व्ही पर प्रसारित रंगारंग कार्यक्रमों को देखते हुए घरों में तैयार विभिन्न व्यजंनों के खाने का लुत्फ उठाते हुए लोग देखे गये। इस तरह नये वर्ष की शुभ बेला में कल बुधवार को तेज ठंड के चलते जहां लोगों ने गर्म कपड़ो के साथ साथ नगर की सड़को पर जल रहे अलावों की आग तपते हुये नई साला का स्वागत किया गया। अंग्रेजी माह की शुरूआत के चलते शहर के मंदिरों में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों व पुरूषों ने जाकर भगवान की पूजा, आराधना कर ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे नए साल में शहर के निवासियों को खुशहाल होने का आर्शीवाद मांगते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर देखा गया कि नव वर्ष का आगमन सृष्टी के प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी के दिवस बुधवार को होने से निश्चित ही लोगो में अब गणेश जी से काफी उम्मीदे जताई है..? वैसे भी देखा जावे तो बुधवार के दिन शासकीय अवकाश न होने के बाद भी अनेक सरकारी कार्यालयों में अवकाश जैसे नजारे दिखाई पड़े..? नये वर्ष के अवसर पर नगर की सामाजिक संस्थाओं के तत्वाधान में भी नए वर्ष के स्वागत समारोह आयोजित किए गये। इस दौरान खास बात यह देखने मिली कि नए वर्ष के जश्न में युवाओं ने गजब का संयम बरता जिससे पुलिस को व्यवस्था बनाने की जहमत नही उठाना पड़ी। वही मंगलवार को देर रात तक शहर का बाजार गुलजार रहा तो दूसरी ओर नगर में मिठाई, फलों तथा होटलों व सिनेमा घरों में भी काफी भीड़ भाड़ का आलम दिखाई दिया। नव वर्ष की शुभ बेला में नगर के शिवधाम डमरूघाटी में तो स्थिति इस प्रकार से बनी हुई थी कि जहां वह मेला का स्वरूप दिखाई पड़ रहा था। मगर हजारों की संख्या में उमड़ी हुई भीड़ उमडते हुये देखी गई जिसकी व्यवस्था बनाने के लिये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा टीआई प्रियंका केवट द्वारा लगातार राउंड लगाते हुये व्यवस्थाओं में जुटी हुई देखी गई। ज्ञात हो कि शहर व क्षेत्र के लोगों को शिवधाम डमरूघाटी पहुंचने के लिये एक मात्र रास्ता होने के चलते शक्कर नदी पुल पर भीड़ का आलम रहने के कारण कुछ हद तक जाम के हालत बनते हुये देखे गये। मगर मौजूद पुलिस बल द्वारा व्स्था बनाने में कोई कसर नही छोड1ी जा रही थी। ज्ञात हो कि पूर्व में डमरूघाटी क्षेत्र पलोहा थाना के अधीन माना जाता था। मगर अब सीमाओं में बदलाब के चलते गाडरवारा थाना क्षेत्र में शामिल होने के चलते इस बार हयां की व्यवस्थाये उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के साथ साथ थाना प्रभारी प्रियंका केवट खुद ही अपने स्टाप के साथ बागडोर संभाले हुये थी। जिसके चलते व्यवस्था चुस्त नजर आई। वही दूसरी ओर समाचार लिखे जाने तक वर्ष के शुरूआत में शांति का महौल देखने मिला किसी भी क्षेत्र से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली। इस प्रकार से नये वर्ष को मंगलमय होने की आशाओं को लेकर जब इस संबंध में जब क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि नये वर्ष की शुरूआत पर मेरी क्षेत्रवासियों से यही कामना है कि वह सब मिल जुलकर एकता का परिचय देते हुए वर्ष 2025 को यादगार बनाने के लिए ऐसी पहल करे जिससे क्षेत्र का विकास होने के साथ साथ लोगों के बीच फैली हुई अनेक बुरी आदतों का समापन हो सके। क्योंकि नया वर्ष तो हर साल यानि की 365 दिनों के बाद बदल जाता है। मगर जब हम लोगों के बीच जो भाईचारा व एकता का संबंध बनता है वह कभी नही बदलता है। इसलिए मै चाहती हूं कि वर्ष 2025 की शुरूआत पर समस्त क्षेत्रवासियों को क्षेत्र की स्वच्छता की शपथ लेते हुए क्षेत्र विकास और भाईचारा कायम करने के लिए एकता का परिचय देना चाहिये। वही क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी का कहना है कि जिस प्रकार से बीते दिवस नये वर्ष की बेला पर युवाओं से लेकर किशारों के आलवा आमजन द्वारा एक दूसरे के गले मिलते हुए नये वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए देखा गया बहुत ही अच्छा लगा। इस प्रकार का स्रेह सदा ही एक दूसरे में बना रहना चाहिए जिससे जहां एकता को मजबूती प्रदान होने के साथ साथ हम बुरे कामों पर अंकुश लगाने में भी सफल हो सकते है और वर्ष 2025 के शुभ आगमन पर में क्षेत्रवासियों से अपेक्षा करता है कि वह क्षेत्र में खुशहाली व शांति बनाने के लिये एक दूसरे सहयोग प्रदान करने के साथ कोरोना की संभावना को ध्यान में रखते हुये सावधानी बरतते हुये खुद के साथ साथ अपने परिवार को सुरक्षित रखे। इसी प्रकार से नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने कहा कहना है कि सत्य है कि 364 दिन समाप्त होने के बाद 365 वां दिन वर्ष का अंतिम दिन होता है और उसे लोग वर्ष का अंतिम दिन कहते हुए अगले दिन को नया वर्ष मानते हुए खुशियों का इजहार करते हुए देखे जो सिलसिला हर साल चलता ही रहता है। इस प्रकार से नय वर्ष की बेला पर सभी क्षेत्रवासियों को नये वर्ष की शुभकामनाओं के साथ नगरवासियों से अपेक्षा रखती हूं कि वह नगर के विकास तथा स्वच्दता में अपना योगदान देते हुए नगर को नया स्वरूप प्रदान करे। वही समाज सेवी जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव का कहना है कि इस नगर सहित के लोगों ने जिस प्रकार से बीते हुए वर्ष 2024 की बिदाई व वर्ष 2025 के आगमन पर क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने मिली उस भाईचारे ने गाडरवारा क्षेत्र की पुरानी शांति प्रिय यादगार को ताजा कर दिया गया है। वही मेरी सभी क्षेत्रवासियों से अपेक्षा है कि नये वर्ष में अपनी सफलताओं के अनेक कीर्तिमान स्थापित करे।

# चीचली थाना के अंतर्गत ग्राम गांगई में देर शाम दो पक्षों के बीच विवाद होने के चलते दोनों पक्षों के लोग हुये घायल तो एक वृद्व की मौत




**गाडरवारा।** नये वर्ष के स्वागत को लेकर पुलिस द्वारा बनाई गई चाक चौबंध व्यवस्था को ग्रहण उस समय लगने से नही चूक पाया तक जानकारी मिली की समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम गांगई गांव में दो पक्षों के बीच झकड़ा होने के चलते लाठी, डंडा सहित राडे चलने के कारण एक वृद्व की मौत हो गई तो इस मामले में अन्य लोग घायल हो गये है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम गांगई यानि की एक ही गांव में रहने वाले चौरासिया समाज के युवक व शर्मा समाज की युवती के बीच प्रेम प्रसंग होने के चलते दोनों परिवार को बगैर बताये जाने के कारण परिजनों की शिकायत पर चीचली पुलिस द्वारा गुम इंसान का मामला कायम करते हुये जांच में लेकर पता किये जाने के बाद गायब हुये युवक की युवती को बुलाकर पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि हम लोगों ने कोर्ट मैरिज कर ली गई है। इस तरह युवक युवती के बालिग होने के चलते उनके द्वारा किये गये कोर्ट मैरिज की सच्चाई से पुलिस द्वारा दोनों के परिजनों को अवगत कराया गया था..? मगर युवती के परिवार जनों को शायद इस तरह दूसरी समाज के युवक के साथ शादी करने की बात स्वीकार नही होने के कारण उनके मन में खुन्नस पैदा होने के चलते बीते हुये मंगलवार की रात चौरासिया समाज के लोगों पर लाठी ठंडा व राडो से हमला बोल दिया गया। इस तरह दोनों बच्चों के बीच मारपीट शुरू होने के चलते चौरासिया समाज के वृद्व द्वारका प्रसाद चौरासिया उम्र लगभग 80 वर्ष द्वारा बीच बचाव करने का प्रयास किया गया होगा। इसी बीच उनको चोट आने के चलते वह जमीन पर गिर गये जिन्हे उपचार हेतु तुरंत शासकीय चिकित्सालय गाडरवारा लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वही दूसरी ओर इस घटना में पुरूषोत्तम चौरासिया, प्रियांश चौरासिया सहित अन्य को चोटे आने के कारण उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय लगाया गया। वही दूसरी के पक्ष शर्मा परिवार के लोगों को भी चोटे आने के चलते उपचार हेतु चिकित्सालय लाया गया। इस तरह दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के चलते वृद्व द्वारका प्रसाद चौरासिया की मौत होने के चलते पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये शव का पोस्ट मार्टम उपरांत परिजनों को सौपा गया। वही आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही घटना में दूसरे पक्ष यानि की शर्मा परिवार के लोगों को भी चोटे आने के कारण उनका उपचार जारी है जिसमें एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर बताई जाती है उसको इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा से चर्चा की गई तो उनके द्वारा जानकारी में बताया कि समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम गांगई निवासी चौरासिया एवं शर्मा परिवार के बीच युवक युवती के प्रेम प्रसंग के चलते भाग जाने की बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान मंगलवार की शाम दोनों पक्षों में मारपीट होने के कारण घटना में वृद्व द्वारका प्रसाद चौरासिया की मौत हो गई तथा अन्य लोगों को चोटे आई है। झगड़े के दौरान मौत होने के चलते पुलिस द्वारा शर्मा बंधुओं के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही दूसरे पक्ष के यानि की मारपीट में शर्मा परिवार के कुछ लोग भी घायल हुये है जिनका पुलिस द्वारा मुलाहजा कराते हुये उपचार के लिये भेजा गया है। वही दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह पुलिस द्वारा नये वर्ष के स्वागत को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में शांति बनाने के लिये लगाई गई चाक चौबंध व्यवस्था के बीच चीचली थाना क्षेत्र में हत्या की घटना के चलते सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया था। वही चौरासिया परिवार की नये वर्ष के स्वागत की उमंगे जहां मातम में तब्दील होने के कारण नगर के शासकीय चिकित्सालय में देर रात तक दोनों पक्षों के मौजूद रहने के कारण भारी पुलिस बल के साथ उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक प्रियंका केवट सहित डोंगरगांव टीआई उमेश तिवारी के आलवा चीचली थाना प्रभारी रोहित पटैल, सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक सहित सभी थानों का भारी पुलिस बल मौजूद रहा। वही ग्राम गांगई में स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिये वहां पर भी भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। वही घटना की जानकारी मिलने के चलते अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक ने भी देर रात क्षेत्र का दौरा करते हुये घटना के संबंध में जानकारी लेते हुये आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये।



# जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते बारिश के चलते खराब हुई लाखों की खरीदी गई धान, अब इसका जिम्मेदार कौन होगा..?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हर वर्ष देखा जाता है कि जब जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता कही जावे या फिर लापरवाही का परिणाम जिससे सरकार को आर्थिक क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार उस समय देखने मिली जब आसमान पर छाये हुये काले बादल बरस गये और जहां तहां चल रही शासन के धान खरीदी केन्द्रो पर हजारों बोरा रखी हुई धान इस बारिश से नही बच पाई। ऐसा नही है कि इस तरह बारिश होने की जानकारी प्रशास में बैठे हुये अधिकारियों को नही थी? क्योंकि मौसम विभाग द्वारा बीते एक सप्ताह से लगातार इस बात को लेकर सचेत कर रहा था कि आने वाले दिनों में मौसम करबट लेने के साथ साथ बारिश हो सकती है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र के अनेक धान खरीदी केन्द्र पर अधिकारियों द्वारा किसानों से खरीदी गई धान को



लेकर कोई उचित प्रबंध नही किये जाने के कारण शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात को क्षेत्र में अनेक जगहों पर हुई बारिश के चलते खुले मैदान में रखी हुई लाखों रूपया की धान बारिश के भेंट चढ़ने से नही बच पाई है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह शासन द्वारा करोड़ो रूपया में किसानों से खरीदी गई धान की बर्बादी का जिम्मेदार कौन होगा? क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि दिसम्बर माह के अंत व जनवरी माह के शुरूआती दिनों में बारिश होने की संभावना बनती है। मगर इसके बाद भी क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रो पर एकत्र होने वाली धान की सुरक्षा को लेकर उचित प्रबंध नही किये जाते है जिसके चलते सरकार को करोड़ो की क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। मगर हैरत इस बात की है कि लगातार मौसम विभाग द्वारा अलर्ट किये जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बरती जाने वाली इस लापरवाही के बाद भी उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही होने के कारण हर वर्ष उनका इसी तरह का उदासीनता पूर्ण रवैया देखने मिलता रहता है?

# सड़क पर बढ़ते वाहनों के दबाव से बन रहा खतरा, बायपास मार्ग की उठने लगी मांग





**कौंडिया।** इस समय देखा जा रहा है कि संपूर्ण क्षेत्र में लगातार बढ़ रही वाहनों की संख्या के चलते सड़कों पर धमाचौकड़ी मची रही है, वही दूसरी ओर लोडिंग वाहनो की धमाचौकडी से ग्राम के अंदर से निकले मुख्य रास्तों पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय ग्राम कौड़ीया में देखने मिल रही है, ज्ञात हो कि गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग जो राज्य सड़क मार्ग में होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिन वाहनों को दवाब होने के कारण दिन भर सडक पर बेखौफ दौडतें वाहनों से छोटे बडे जानलेबा गंभीर दुर्घटनाए भी होते हुए देखी जाती है। जगह के अभाव में सडक परिवहन करते समय ग्राम के मुख्य रास्तो पर वाहनो की लंबी लगने वाली लाईनों के चलते जाम की स्थिति बनते हुए देखी जाती है, वही दूसरी ओर वाहन मालिको द्वारा भी सडको पर वाहनो को बेतरतीब तरीके से खडे कर दिया जाता है और अक्सर देखा जाता है कि लोगों द्वारा अपने भवनों के लिए लाई जाने वाली निर्माण सामग्री को भी इस मुख्य मार्ग के किनारे ही रख दिया जाता है जिसके चलते यातायात को प्रभावित कर जाम की स्थिति बना देते है, जिसमां प्रमुख रूप से देखा जावे तो चाय पान के ढेलो दुकानो पर छोटे वाहन चालको द्वारा सड़क पर ही अपने वाहन खडे कर चाय पान में मग्न हो जाते है। बाकी कसर आटो एवं मिनी बसो वालो द्वारा पूरी कर दी जाती है जो बीच सडक पर अपने वाहनो को खड़ा करके सवारियों का इंतजार करते है, जिसके चलते यहां से निकलने वाले लोगों की जान को सदा ही खतरा बना रहता है..? ग्राम के बीचों से निकले मुख्य मार्गो को लेकर ग्रामवासियों द्वारा शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि ग्राम के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हो जाता है कि इस समस्या से जहां निजात मिल सकती है। वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी भी खतरे से मुक्त हो जावेगी, क्योंकि जहां मुख्य मार्ग से प्राथमिक स्कूल से लेकर हाई स्कूल लगा हुआ है, वही ग्राम के अनेक बैको सहित पोस्ट आफिस भी सड़क के किनारे होने के कारण सड़क पर दिन भर भीड़ भाड़ की स्थिति बनी रहती है, जिसके कारण आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात हो चुकी है। जबकि सड़क घटनाओं में अनेक लोगों की जाने भी जा चुकी है। ग्राम के अंदर आये दिन निर्मित होने वाली इस स्थिति को लेकर लोगों द्वारा ग्राम कौड़यि के बाहर से वायपास मार्ग निर्माण की मांग की जाने लगी है जिससे लोगों के यातायात में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# प्रशासन की अनदेखी पड़ सकती है भारी, हवा में झूलते हुये नजर आ रहे गन्ने से भरे हुये ट्रेक्टर ट्राली

**गाडरवारा।** प्रतिवर्ष देखा जाता है कि जब क्षेत्र में गन्ने का सीजन शुरू होता है कि क्षेत्र में स्थापित शुगर मिलों में काम करने के लिये दूसरे प्रांत से आने वाली लोगों द्वारा क्षेत्र की सड़को पर खून की नदिया बहाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है? क्योंकि इन लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये जिस तरह नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये सड़को पर एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर उन्हें दौड़ाया जाता है उसके कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में क्षेत्र के लोग बैमौत मरने से नही बच पाते है? क्योंकि जब किसी सड़क से इस तरह डबल ट्राली लगा हुआ गन्ने से लदा ट्रेक्टर ट्राली जा रहे होत है कि उनके पीछे वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाली वाहन दिखाई नही देता है तो दूसरी ओर सामने से आने वाली वाहन चालक को इस बात का अनदेशा नही रहता है कि सामने से आने वाले ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगी होगी इस स्थिति में जब वाहन चालक अपने वाहन को अंदर प्रवेश करा देता है और वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूक पाता है? यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये वर्षो में इस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले गन्ने से लदे हुये डबल ट्रेक्टर ट्रालियों से घटित हुई घटनाओं के चलते अनेक लोगों की जाने जा चुकी है? जबकि यातायात नियमों के अनुसार बताया जाता है कि किसी वाहन में पंजीयन के तहत दर्ज वाहन के माफ दंडों के विपरित यदि वाहन को पाया जाता है कि तो वह नियम खिलाफ होता है? जबकि ट्रेक्टर ट्रालियों के पंजीयन में ट्रेक्टर के साथ मात्र एक ट्राली का उल्लेख रहता है। इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये उसका परिवहन करना यातायात नियमों के विपरित होने के बाद भी क्षेत्र की सड़को पर धडल्ले से गन्ना की ढुलाई करने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों को दौड़ते हुये देखा जाने के बाद भी पुलिस से लेकर जिम्मेंदार प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से दिखाई दे रहा है कि अब अपने ट्रेक्टरों में डबल ट्राली लगाकर गन्ना ढुलाई करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो चुके कि वह अपने ट्रेक्टरों को जमीन पर चलाने की जगह हवा में चलाते हुये देखे जा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई क्षेत्र में अनेक जगहों पर देखने मिल रही है जहां पर गन्ने की डबल ट्राली लगातार दौड़ रहे ट्रेक्टर हवा में झूलते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। इस तरह की मनमानियों पर यदि अधिकारियों ,ारा ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही किसी दिन बड़ी घटना की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### कार दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल, नशे की हालत में चल रही थी गाड़ी

**अमरकंटक।** अमरकंटक थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर देर रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार में केवल चालक सुरजीत मरावी (30 वर्ष) पिता अशोक मरावी सवार था। वह ग्रामीण बैंक के पास राजेंद्रग्राम का निवासी है। बताया गया कि सुरजीत नशे की हालत में राजेंद्रग्राम से अमरकंटक घूमने आया था। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना के विस्तृत कारणों की जांच जारी है।

### सड़क दुर्घटनाएं रोकने चलाया जा रहा विशेष अभियान

**अनूपपुर।** यातायात पुलिस द्वारा 1 जनवरी को ट्रैफिक रूल्स का पालन करने वाले वाहन चालकों का फूल माला पहना कर सम्मान किया गया, धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निरंतर इसी प्रकार बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग के साथ ट्रैफिक रूल्स का पालन करने की अपील की गई। इसी प्रकार जो वाहन चालक बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे, उनको रोक कर समझाश देते हुए हेलमेट का उपयोग करने से लाभ बताए गए तथा अपील की गई की नए वर्ष के उपलक्ष पर ट्रैफिक रूल्स का पालन करने का संकल्प ले। जिससे हम रोड पर चलते समय सुरक्षित रहे। ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले दो वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त किए गए। अंधेरे में खड़े वाहनों से टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से आज ट्रैफिक पुलिस द्वारा कमर्शियल वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए।



# ठेकेदार की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे राही, धीमा गति से चल रहा है हाइवे का निर्माण



### एक तरफ कीचड़, दूसरी तरफ नुकीली गिट्टियां ऐसे में कैसे करें आवागमन

**हरिभूमि न्यूज गोरखपुर** – डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर से डिंडौरी जाने वाले मार्ग पर इन दिनों यात्रा करना आमजन के लिए मुसीबतों भरा हो गया है, क्योंकि निर्माणाधीन सड़क को नया बनाने हेतु तत्कालीन ठेकेदार ने पुराने सड़क को जगह जगह खोदकर एक तरफ नुकीली गिट्टियां बिछा यूं ही छोड़ दिया तो दूसरे तरफ चौड़ीकरण के नाम पर मिट्टी बिछाया है, यघपि सड़क की बदहाल स्थिति और सुस्त गति से चल रहें निर्माण कार्य से वाहन चालक और राहगीर बेहद परेशान हैं। देखने में आया कि बारिश के बाद शनिवार की शाम अनेकों दोपहिया सवार गोरखपुर से माधोपुर के बीच हाइवे पर कीचड़ में फिसलकर गिर चोटिल हुए बावजूद ठेकेदार द्वारा सड़क को आवागमन लायक बनाने ध्यान नहीं दिया जा रहा ।

### लंबे समय से ऐसे ही हैं मार्ग -

क्षेत्रीय वासियों की मानें तो ठेकेदार ने हाइवे मार्ग को नवीनीकरण हेतु खोदकर भूल गया हैं बीते माहों से कस्बा के छोटी पुलिया के पास से लेकर हनुमान मंदिर तक सड़क की स्थिति बेहद खराब है दोपहिया वाहन चालक में यहां जरा सी बारिश में दलदल जैसे स्थिति के बनने तथा नुकीली गिट्टियों में फिसलकर गिरने की अनेकों घटनाएं घट चुके हैं ।जबकि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना जाना लगा हैं ,खासकर अमरकंटक तक की तीर्थयात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं बावजूद ठेकेदार न तो मार्ग को व्यवस्थित कर रहा और न ही कार्य के रफ्तार बढ़ाने पर ध्यान दें रहा लिहाजा समस्याएं दिन ब दिन बढ़ने लगी हैं ऐसे में क्षेत्रीय वासियों का धैर्य भी जवाब देने लगा है ।

### विभाग और जिम्मेदार नहीं दें रहें ध्यान -

इस मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणों का आरोप हैं कि क्षेत्रवासियों को हो रही असुविधा को कम करने सड़क निर्माण कंपनी और संबंधित विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं हैं परिणामस्वरुप लोग आवागमन के लिए अन्य वैकल्पिक पहुंच मार्गों का उपयोग करने विवश हैं। लोगों का कहना हैं कि जिस प्रकार से यहां यातायात का भारी दवाब रहता हैं उसे देखते हुए एक तरफ की सड़क को पूर्ण करने के बाद ही दूसरे छोर पर काम लगाते चूंकि ठेकेदार ऐसा नहीं कर रहा वह कुछ स्थानों पर पूरे सड़क को खोद आमजन को मुसीबत का सामना करने मजबूर कर दिया जबकि इस मार्ग पर लंबी दूरी तय करने वाले यात्री बसों के अलावा निजी वाहन मालवाहकों समेत स्कूल बस ,आटो, टैक्सी रात दिन चलतें हैं ।

### इनका कहना है-

ठेकेदार की उदासीनता और काम की सुस्त कार्य प्रणाली से यह हालात बने हैं, लोगों के सेहत और सुविधा का ध्यान रखकर सड़क निर्माण का व्यवस्थित काम करना चाहिए ताकि आमजन, राहगीर और वाहनों चालकों को परेशानी न हो।

**मनीष गोयल समाजसेवी गोरखपुर**

## शहडोल पुलिस महानिरीक्षक ने किया मां नर्मदा के दर्शन



**अमरकंटक।** शहडोल पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा ने पतित पावनी मां नर्मदा जी का परिवार सहित दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने शहडोल जोन के निवासियों प्रदेशवासियों की मंगल कामना मां नर्मदा जी से की। उन्होने कहा कि सभी को नववर्ष की बधाई शुभकामनाएं देता हूं शहडोल जोन वासी एवं प्रदेशवासी समग्र विकास में अपनी भागीदारी निभाएंगे खुशहाली एवं समृद्धि आए यह कामना करता हूं। नव वर्ष के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा मरवाही बिलासपुर मुंगेली रायपुर कोटा कोरबा तथा मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले डिंडोरी जिले शहडोल जिला से हजारों की संख्या में पर्यटक तीर्थ यात्री भक्त श्रद्धालु यहां आए हुए थे पुलिस प्रशासन द्वारा तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी तथा सुरक्षा के माकूल इंतजाम रहा। नव वर्ष के पावन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह, उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम, पूर्व अध्यक्ष प्रभा पनारिया, उपाध्यक्ष रामगोपाल द्विवेदी, बलिराम केवट, मंडलम अध्यक्ष श्याम लाल सेन, महिला भाजपा नेता अंजना कटारे, बबीता सिंह, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष अंबिका तिवारी, पत्रकार मुन्नू पांडे, श्रवण उपाध्याय, धनंजय तिवारी ने नगरवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### माह के प्रथम कार्य दिवस पर होगा राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** माह के प्रथम कार्य दिवस पर शासकीय कार्यालयों में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के परिपालन में राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का गायन किया जायेगा। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह समस्त विभाग/कार्यालय प्रमुख को निर्देशित करते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पश्चात 26 दिसंबर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक राजकीय शोक घोषित होने के कारण 01 जनवरी 2025 के स्थान पर 02 जनवरी 2025 को प्रातः 10:30 बजे राष्ट्रगीत ₹वन्दे मातरम₹ एवं राष्ट्रगान ₹जन गण मन₹ का गायन किया जाएगा।



## गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

### वाहन चालक को आई गंभीर चोट

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा** – मंगलवार की सुबह घना कोहरा छाए होने के कारण बरौदी गांव के झालपानी घाट उतरते वक्त गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना मिलते ही शहपुरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा, ट्रक में फसे चालक को बडी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया। तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया गया जहां इलाज जारी है। शहपुरा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कड़ाके की ठंड में हाथियों के कारण ग्रामीण छत में रात बिताने को मजबूर

### दर्जनों घरों में कर चुके तोड़फोड़, स्थानीय रहवासी परेशान

**अनूपपुर।** विगत 9 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य से अनूपपुर जिला अंतर्गत वन परिक्षेत्र अनूपपुर के औढेरा बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहार के दोखवाटोला में विगत दो दिनों से दोनों हाथियों द्वारा दिन में जंगल में ठहरने करने बाद रात होते ही गांव में घुसकर ग्रामीणों के घरों में तोड़-फोड़ कर एवं खेतों में लगी विभिन्न तरह की फसलों, सब्जियों को अपना आहार बना रहे हैं। हाथियों के निरंतर विचरण के कारण ग्रामीण जन पक्के मकानो की छतो में ठहर कर रात-रात भर जाग रहे हैं जबकि हाथियों को गांव, मोहल्ला से भगाने का प्रयास कर रहे हैं। सुबह होते ही दोनो हाथी तीसरे दिन बुधवार को बैहार के ही नीचे जंगल में डेरा जमाए हुए हैं।



दोनों हाथियों द्वारा सोमवार, मंगलवार एवं बुधवार के दिन-रात को दो दिनों तक ग्राम पंचायत बैहार के ग्राम बैहार के दुखवाटोला के नीचे स्थित जंगल में पूरे दिन ठहरने के बाद रात होते ही पगडंडी रास्तों से अचानक दुखवाटोला मोहल्ला में प्रवेश कर बैगा जनजाति बाहुल्य ग्रामीणो के कच्चे पक्के मकान में अचानक पहुंच कर तोड़-फोड़ कर घरों के अंदर रखे अनाजों को खाते हुए खेत एवं बाड़ी में लगे विभिन्न प्रकार के फसलों को भी अपना आहार बना रहे हैं। विगत दो दिनों के मध्य अनेको कच्चे एवं पक्के घरों एवं खेत-बाडियों का नुकसान किया है वनविभाग एवं ग्रामीणों द्वारा विभिन्न तरह की तकनीक को अपना कर हाथियों को गांव से बाहर करने की कोशिश दोनों दिन पूरी रात किए जाने के बाद भी प्रवासी मेहमान हाथी रात भर विचरण करने के बाद अपने नियत समय पर अपनी ही मर्जी से गांव से बाहर जंगलों में विश्राम करने चले जाते हैं। तीसरे दिन भी दोनों हाथी इस मोहल्ले के नीचे स्थित जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं हाथियों के निरंतर मोहल्ला में आने के कारण ग्रामीण जन परेशान एवं भयभीत हैं जिसके कारण मोहल्ले के वृद्ध, महिलाएं एवं बच्चे प्रधानमंत्री आवास के तहत बनाए गए अनेकों आवासों की छतों पर पन्नी से तंबू लगाकर रात-रात भर जाग कर रात बिताने को बाध्य है वहीं ग्रामीण पुरुष, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं वनविभाग की गश्ती दल के साथ हाथियों को भगाने की कोशिश करते हैं लेकिन दोनों हाथी सभी को चकमा देते हुए रात में कई बार झाडियों, अरहर के खेतों पेड़ों के पीछे अपने को छिपाकर कुछ घंटे ठहरने बाद फिर से अचानक मोहल्ले में खाने को आ जाते हैं इसी तरह का क्रम पूरी रात चलने के कारण प्रभावित गांव, मोहल्ला के साथ आसपास के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीण हाथियों के दहशत के कारण रात रात भर जागकर हाथियों के विचरण की सूचनाएं ले रहे हैं। हाथियों के साथ किसी भी तरह की दुर्घटना ना हो इसे देखते हुए शासन स्तर से जारी निर्देशानुसार हाथियों के विचरण की स्थिति को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूरी रात बंद रखी जा रही है, हाथी गश्ती दल रात में हाथियों पर नजर बनाए रखते हुए ग्रामीणों को भी सतर्क रहने हाथियों के नजदीक नहीं जाने देने की कोशिश करता रहता है जिसके कारण ग्रामीण एवं वनविभाग, पुलिस विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों के बीच में कहा सुनी तक की स्थिति निर्मित हो जाती है। राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा हाथियों के द्वारा किए जा रहे नुकसान का सर्वे कर मुआवजा प्रकरण ग्राम पंचायत के सरपंच एवं कर्मचारियों के साथ मिल कर तैयार कर रहे हैं।

## रेल्वे स्टेशन के नवीनीकरण के कार्य को शीघ्र किया जाये पूरा

### जिला विकास मंच के संयोजक ने वासुदेव चटर्जी लिखा पत्र

**अनूपपुर।** जिला विकास मंच के संयोजक वासुदेव चटर्जी एडवोकेट ने सीआईसी रेल सेक्शन में रेल सुविधाओं के विस्तार के साथ ही कुंभ स्पेशल ट्रेन की मांग की है। उन्होंने पत्र प्रधानमंत्री, रेल मंत्री एवं अध्यक्ष रेलवे बोर्ड को लिखा है। उन्होंने मांग की है कि अम्बिकापुर में पूर्व से स्वीकृत वाशिंग प्लान्ट का निर्माण कार्य अविलम्ब प्रारंभ कराया जाय। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुए लगभग 25 वर्ष होने को आ रहा है, अम्बिकापुर एवं चिरमिरी से एक मात्र सवारी गाड़ी अम्बिकापुर-दुर्ग के मध्य विगत 20 वर्षों से चल रही है।

इसी तरह चिरमिरी-बिलासपुर के मध्य एक साधारण सवारी गाड़ी विगत 35 वर्षों से चल रही है ,नये राज्य के निर्माण के 25 वर्ष गुजर जाने के बाद भी इस आदिवासी बाहूल्य पिछड़े क्षेत्र में आबादी का विस्तार भी हुआ है, इस अंचल के लोगो को राज्य की राजधानी रायपुर विभागीय कार्यों,अन्य आवश्यक कार्यों, व्यवसायिक प्रयोजन से रायपुर में आवागमन के साथ एवं चिकित्सीय सुविधाओं व व्यापारिक कार्यों के वजह से उत्तरी छत्तीसगढ़ के लोगों का क्रमशः बिलासपुर-रायपुर- नागपुर आना-जाना बना रहता है। इसलिए बिलासपुर जोनल मुख्यालय द्वारा पूर्व में भेजे गये प्रस्ताव अनुसार अम्बिकापुर से दुर्ग के मध्य पूर्व के समय से प्रस्तावित इन्टरसिटी एक्सप्रेस को अविलम्ब प्रारंभ कराया जाये। अम्बिकापुर से नागपुर के मध्य एक द्रुतगामी एक्सप्रेस ट्रेन नियमित रूप से चलायी जावे, वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अम्बिकापुर से दुर्ग के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का एक अतिरिक्त रैक की व्यवस्था कर विस्तार इतवारी तक किया जाये, गोंदिया-बरौनी का विस्तार नागपुर तक किया जाये। नागपुर से शहडोल के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार एक अतिरिक्त रैक की व्यवस्था के साथ अम्बिकापुर तक किया जाये। अम्बिकापुर से निजामुद्दीन के मध्य चल रही साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस को नियमित रूप से चलाया जाये। देश के विभिन्न स्थलों से प्रयागराज में प्रस्तावित कुम्भ को ध्यान में रखकर भारत सरकार, रेल मंत्रालय द्वारा कुम्भ स्पेशल ट्रेनों की सुविधाए उपलब्ध करायी जा रही है, उसी तारतम्य में अम्बिकापुर से प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या के लिए सप्ताह में दो-दो दिन कुम्भ स्पेशल ट्रेन को शीघ्र प्रारंभ कराया जाये। वर्षों से प्रस्तावित अम्बिकापुर-बरवाडीह, अम्बिकापुर-रेणुकोट रेल लाईन का निर्माण कार्य बजट की स्वीकृति प्रदान करते हुए अविलम्ब प्रारंभ कराया जाये। अनूपपुर में अमृत भारत योजना एवं गतिमान योजना के तहत रेल्वे स्टेशन के नवीनीकरण के कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के अन्दर एवं प्लेटफार्म क्रमांक 1 से 3 एवं 4 को जोड़ने वाली नये प्रस्तावित एफओबी (लिफ्ट एवं रैम्प सहित) अविलम्ब निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाये, साथ ही निमार्णाधीन बी के.-61 रोड ओव्हरब्रिज का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के अनुरूप आवश्यकतानुसार समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण कराया जाये।अनूपपुर जीआरपी चौकी को थाने का दर्जा एवं प्रस्तावित अनूपपुर में शीघ्र अतिशीघ्र रेल्वे मजिस्ट्रेट की पदस्थापना किया जाये, साथ ही प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन को बिलासपुर से निजामुद्दीन के मध्य अविलम्ब प्रारंभ कराया जावे। अनूपपुर में प्लेटफार्म क्रमांक 5 का निर्माण अविलम्ब प्रारंभ करते हुए रेल्वे स्टेशन का नया इन्ट्री गेट एवं रेल्वे का टिकट काउन्टर शीघ्र बनवाया जाये। पुरानी वेस्ट केबिन से अनूपपुर शहर को जोड़ने वाली सड़क का अविलम्ब निर्माण प्रारंभ कराया जाये साथ ही अनूपपुर रेल्वे स्टेशन में क्लॉक रूम की व्यवस्था अविलम्ब कराया जाये। उपरोक्त सुविधाएँ अंचल के रेल सुविधाओं के विकास में एक आवश्यक कदम है।



## आग व गर्म कपड़ों को लिया जा रहा सहारा
# तापमान में गिरावट, शीत लहर के साथ बढ़ी ठंड





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे बीते दिनों वारिश के बाद घने बादलों ने अपना पहरा हटा लिया और मौसम साफ होने के बाद कड़ाके के ठंड व शीत लहर प्रारंभ हो गई। वही नव वर्ष का उत्साह भी ठंड के कारण कमजोर होता नजर आया। लेकिन बुधवार को दोपहर होते तक सूर्य देव ने दर्शन दिये और तापमान मे कुछ वृद्धि हुई और लोगो घरों से निकलते नजर आये। हालांकि ठंड फसलों के लिये लाभ्दायक है यदि आगे यदि अधिक ठंड बढ़ेगी तो फसलों को नुकसान हो सकता है। वही प्रशासन द्वारा ठंड से बचाव के लिये एडवाइजरी जारी कर दी गई है। तापमान मे आई गिरावट लोगों जीवन पर भी प्रभाव डाल रही है।

### तापमान मे रही काफी गिरावट

जिले में ठंड ने अपना प्रभाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, रात का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि सुबह 8 बजे यह 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के तापमान के 20 डिग्री सेल्सियस तक रहा तापमान में इस गिरावट के चलते जिले में कोहरे का असर तेज हो गया है।

### स्थानीय लोग गर्म कपड़े और हीटर का ले रहे सहारा

नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनें आने-जाने की आवाज तो सुनाई दे रही थीं, लेकिन घने कोहरे के कारण कोच नंबर कुछ ही दूरी से दिखाई दे रहे थे। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का प्रकोप और बढ़ सकता है। स्थानीय लोग बढ़ती ठंड के बीच गर्म कपड़ों और हीटर का सहारा ले रहे हैं।

### आग व गर्म कपड़े बने सहारा

मौसम मे हुई तापमान गिरावट के कारण जिले में ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। ठंड से बचने के लिये लोगो द्वारा गर्म कपड़े व आग का सहारा लिया जा रहा है। ठंड के कारण लोग यात्रा करने व आने जाने से भी परहेज किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा भी नगर के चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। जिससे लोगों को ठंड से राहत प्राप्त कर सकें। वही नगर के जागरूक नागरिकों द्वारा ठंड से बचाव के लिये गर्म कपड़े दान किये जा रहे है जिससे ठंड से किसी भी प्रकार की कोई क्षति ना हो। प्रशासन द्वारा ठंड से पशु पक्षियों को बचाने के लिये वचाब की जानकारी साझा की जा रही है।

### किसानों के लिए समसामयिक सलाह

शीतलहर व अधिक ठंडी के कारण फसलों में पाला पड़ने की संभावना को देखते हुए उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर ने जिले के किसानों को समसामयिक सलाह दी है। फसलों में पाला लगने की संभावना दिसंबर तथा जनवरी के महीने में रहती है। पाला के प्रभाव से प्रमुख रूप से टमाटर, बैंगन, आलू, फूलगोभी, मिर्च, धनिया, पालक, अरहर, मसूर, चना तथा कुछ मात्रा में गेहूं आदि के प्रभावित होने की ज्यादा संभावना रहती है। पाला से फसलों के बचाव के लिए किसानों को सलाह दी जाती है कि वे रात्रि 10 बजे से पहले दिन में सिंचाई अवश्य करें। फसलों में सिंचाई रात्रि के दूसरे तथा तीसरे पहर में नहीं करें। पाला की आशंका होने पर फसलों तथा उद्यान की फसलों में घुलनशील गंधक 80 प्रतिशत डब्ल्यूपी का दो से ढाई ग्राम मात्रा को प्रति लीटर की दर से पानी में घोल बनाकर डेढ़ से दो सौ लीटर पानी में घोलकर फसलों के ऊपर प्रति एकड़ की दर से छिडकाव करें। इससे दो से ढाई डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान बढने से काफी हद तक पाला से बचाया जा सकता है। प्रत्येक अवस्था में पानी की मात्रा प्रति एकड़ डेढ़ से दो सौ लीटर अवश्य रखें। पाला से सबसे अधिक नुकसान नर्सरी में होता है। इसलिए रात्रि के समय नर्सरी में लगे पौधों को प्लास्टिक की चादर से ढक करके बचाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### स्थानीय अवकाश घोषित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने वर्ष- 2025 के लिए जिले में परम्परागत त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए पूरे जिले के लिए 3 स्थानीय अवकाश घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश मप्र शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार मकर संक्रांति मंगलवार 14 जनवरी 2025 को, रंगपंचमी बुधवार 19 मार्च 2025 को और दिवाली का दूसरा दिन मंगलवार 21 अक्टूबर 2025 को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश कोषागार एवं उपकोषागार तथा बैंकों पर लागू नहीं होंगे।

### स्व. राघव को दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** जिले के भूमि दानदाता स्व. राघव सिंह मिश्र की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समरसता स्मारक, करेली में किया गया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ कैलाश सोनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्मारक पर स्थापित पांच महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि कैलाश सोनी ने सारगर्भित उद्बोधन में आयोजक मंडल की सराहना करते हुए स्व. राघव के योगदान को प्रेरणा का स्रोत बताया और उनके जीवन संस्मरण पर आधारित एक पुस्तक प्रकाशित करने की आवश्यकता पर बल दिया। चैधरी राघव जी के संस्मरणों को बताते हुए कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश त्यागी जिला सचिव मप्र शिक्षक संघ नरसिंहपुर ने किया जबकि आभार प्रदर्शन इंजीनियर प्रताप पटेल ने किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पत्रकार जनसंवाद केन्द्र पर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस पत्रकारों द्वारा पत्रकार जनसंवाद केंद्र मे नव वर्ष के उपलक्ष्य पर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारों के अलावा स्थानीयजन भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण से किया गया। भगवान की भाव भक्ति के साथ नये वर्ष का स्वागत तथा वर्ष 2024 को विदाई दी गई। पत्रकारों द्वारा भगवान का भजन कर मनमोहक नृत्य किया।

## रेस्टारेंट रहे फुल चलता रहा पार्टियों का दौर

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** मंगलवार की शाम से ही विभिन्न स्थानों पर पार्टियों का दौर शुरू हो गया था जो देर रात नये वर्ष के आगमन तक चला। डीजे की धुन पर युवाओं ने जगह-जगह डांस पार्टियॉ और पिकनिक भी आयोजित की थी। जिनमें सर्वाधिक भीड़ देखी गई। शुभकामनाओं का दौर सर्वाधिक मोबाइल मैसेजों में देखने मिला दो दिन पहले से ही नये साल के आगमन को लेकर बधाईयों के संदेश आना शुरू हो गये थे। युवाओं द्वारा मनाये जा रहे जश्न हुल्लड़ में बदलकर किसी अपराध को जन्म न दे दें इसलिए रात्रि के वक्त पुलिस भी बेहद सक्रिय नजर आयी। शहर से लगे बायपास स्थित ढाबों में देर रात्रि तक शराब के शौकीन युवा मय के प्याले भी छलकाते रहे। वहीं शहर के भीतर भी कुछ चर्चित होटलों में सारी रात चियर्स होता रहा। आज नये वर्ष के सेलिब्रेशन के लिए जिले के पिकनिक स्पाटों पर भारी भीड़ रही। टोनघाट, चिनकी के पास धुंआधार, राजाबाबू, कालिया दहाड़ जैसे जलप्रपातों के अलावा नर्मदा के उमरिया-चिनकी, बरमान के रेतघाट, सतधारा घाट हर साल नये वर्ष पर खचाखच रहे। वही विशेषकर टोन घाट एवं बरमान घाट की जिला मुख्यालय से निकटता व सहज मार्ग लोगों को यहां आने आकर्षित करता है। कई लोगों ने हिल स्टेशनों में नया साल मनाने के लिए पहले ही ट्रेनों का रिजर्वेशन व होटलों की बुकिंग करा ली थी।

### सेवानिवृत्त पर शाल श्रीफल से दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बरगी नहर संभाग कार्यालय मे पदस्थ इंजी. जी पी अटठया को सेवानिवृत्ति पर शाल श्रीफल से विदाई देकर सुखमय जीवन की कामना की गई। श्री अठ्या उपयंत्री, नहर संभाग नरसिंहपुर को अपनी 29 वर्षो की सेवा उपरान्त सेवानिवृत्त किया गया। सेवानिवृत्ति समारोह की अध्यक्षता कार्यपालन यंत्री इंजी. अंकुर शर्मा ने की उन्होने कहा की आप आगामी जीवन अपनी रूचि के कार्यो में लगायें। मंच का संचालन इंजी डी.एस. दौनेरिया ने किया। सेवानिवृत्ति समारोह में इंजी. के.एस. ठाकुर सहायक यंत्री, इंजी बी.एम. ऋषीश्वर सहायक यंत्री, इंजी. कुमारी रामाज्ञा गुप्ता ,कु. शैजल जैन उपयंत्री, जी.एस. ठाकुर, हंसूलाल पुट्टे, बिरजू जाटव, दुर्गेश चैरसिया एवं श्री अठ्या के तीनो बेटियां एवं दामाद एवं पुत्र दीपेश अठ्या उपस्थित रहें।

# तेंदूखेड़ा पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**तेंदूखेड़ा।** नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए नरसिंहपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आमजनों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया एवं मुख्य स्थानों पर नाकेबंदी की गयी थी।

जिले के संपूर्ण थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा फ्लेग मार्च निकाला गया एवं धार्मिक स्थल संवेदनशील क्षेत्र सार्वजनिक स्थानों होटल लॉज बैंक एटीएम एवं रेल्वे स्टेशन बस स्टेण्ड के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों के चैकिंग की जाकर उनसे पूछताछ की गयी। साथ ही नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाकर चालान काटे गये है।

### 51 किलोग्राम गांजा एवं एक मोटर साईकिल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी लगायी गयी थी जिसके परिणाम स्वरूप थाना तेन्दूखेडा को राजमार्ग की ओर से एक होण्डा मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 38 जेडसी 9560 आते हुयी दिखायी दी । जिसे रोकने का प्रयास किया गया किंतु वाहन चालक पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति पीछा कर गिरफ्त में लिया गया एवं उससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपना नाम मुकेश पिता राजेश बाघमारे उम्र 26 साल, निवासी जिला देवास हाल नागपुर महाराष्ट्र होना बताया गया। आरोपी की मोटर साईकिल की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 51 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ पाया गया।

### मोटर साईकिल के माध्यम से कर रहा था गांजा तस्करी

आरोपी द्वारा गांजे की तस्करी के लिए मोटरसाईकिल को एंगिल के माध्यम से विशेष रूप से तैयार किया गया था उसके माध्यम से बड़ी मात्रा गांजे की तस्करी की जा सके। आरोपी उक्त मोटर साईकिल में दोनों ओर पानी की टंकी में बोरियों में गांजा भरकर तस्करी कर रहा था। अवैध गांजे की तस्करी में लिप्त आरोपी मुकेश बाघमारे के विरूद्ध थाना तेन्दूखेडा में अपराध क्रमांक 01/2025 धारा 8/20 सी एनडीपीएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है।

*इनकी रही मुख्य भूमिका* थाना तेन्दूखेडा अंतर्गत गांजे की तस्करी में लिप्त आरोपी की गिरफ्तारी में उनि संजय सूर्यवंशी आरक्षक कर्मवार सिंह संजय ठाकुर हेमंत लोधी की मुख्य भूमिका रही ।

## नव वर्ष पर धार्मिक स्थलों पर रही भीड़भाड़ भंडारों का आयोजन

**तेंदूखेड़ा** नूतन वर्ष अभिनंदन को लेकर मौसम की प्रतिकूलता के बाबजूद भी युवा वर्ग पिकनिक पार्टी मनाने के लिए विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर पहुंचें। वहीं क्षेत्र के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों एवं पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंचकर पिकनिक पार्टी मनाई। बाहर जाकर होटलों रेस्टारेंजों में पहुंच कर खुशी का इजहार किया। अपने अपने नाते-रिश्तेदारों के साथ शुभचिंतकों को शुभकामना संदेश भेजकर बधाईयां प्रेषित की गई।31 दिसंबर की अर्धरात्रि में ही युवा आतिशबाजी कर नूतनवर्षाभिनंदन किया।

### सुंदरकांड पाठों का हुआ आयोजन

नया साल हर्षोल्लास पूर्ण अंदाज में बगैर किसी विघ्न बाधा के व्यतीत हो को लेकर नगर के धार्मिक स्थलों पर धार्मिक आयोजन संपन्न हुये। इसी श्रंखला के चलते तेंदूखेड़ा के प्रतिष्ठित गांधी चौक के सामने तरफ हनुमान मंदिर दादा दरबार में प्रत्येक वर्ष की भांति सामूहिक सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया। तथा रात्रि में समापन बेला में संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा एवं महाआरती के साथ भजन संध्या के साथ समापन हुआ। नगर के हरसिद्धि मंदिर परिसर क्षेत्र में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 51 सुंदरकांड पाठों का आयोजन किया गया।



### हरसिद्धि मंदिर में महाआरती एवं भंडारे का आयोजन

क्षेत्र के विख्यात प्रतिष्ठित सिद्ध शक्तिपीठ मां हरसिद्धि मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालु उपस्थित रहे। मां हरसिद्धि शिष्य मंडली द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया दिन भर काफी संख्या में भीड़ भाड़ बनी रही।

### आल इन्डिया लीनेस क्लब की कान्फ्रेंस संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्टेशन गंज स्थित होटल मे लीनेस क्लब एरिया 6 एरिया आफीसर लीनेस अर्चना राय द्वारा एरिया कान्फ्रेंस संपन्न हुई। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस दीपा घई, विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट सचिव लीनेस मंगला सिंघई के मार्गदर्शन मे एरिया कान्फ्रेंस संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्रीमति कुसुम साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, इन्दु सिंह संचलिका फिटनेस योगा सेन्टर, मुक्ति राय शिक्षिका मास्टर ट्रेनर मध्य प्रदेश राज्य आनंदम संस्थान, आमंत्रित अतिथि निशा पचैरी ब्यूटीशियन, ममता पाठक संचालिका कृपाली नृत्य संस्थान, संरक्षक शोभा पाल, एरिया सचिव रूपकला कटारे, एरिया एडवाइजर संगीता सोनी, अध्यक्ष लीनेस पूनम जैन वीरांगना क्लब नरसिंहपुर मंचासीन रही। कार्यक्रम मे दिव्य शक्ति गाडरवाडा, सोहागपुर क्लब, वीरांगना क्लब नरसिंहपुर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को मनोरंजक बनाने हेतु गीत गायन, कविता, नृत्य की प्रस्तुति सविता महाविद्या, रजनी राजौरिया, रेणु नजरिया, शिखा नीखरा, शालिनी त्रिपाठी द्वारा, पूनम जैन द्वारा गीत गाये गये।


### खिलाड़ियों को विधायक ने किट प्रदान की



**गोटेगांव**-स्थानीय नगर में विधायक महेंद्र नागेश ने अपने निवास पर सुनवाई हेतु पहुंचे क्षेत्र के क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को किट प्रदान की वहीं विधायक ने बताया निज निवास गोटेगांव में पधारे आगंतुकों की जनसुनवाई कर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं और ग्राम कमोद,चरगुवा,उमरा, सर्रा,आंखीवाड़ा के टीमों को क्रिकेट किट वितरित कर उनको भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## नव वर्ष पर जमकर उठाया लुत्फ, झोतेश्वर में भारी भीड़

**गोटेगांव**-तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नूतन वर्ष 2025 का जश्न मनाने के लिए आध्यात्मिक क्षेत्र एवं जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज की तपोस्थली परमहंसी गंगा क्षेत्र में भारी संख्या में लोगों में मां त्रिपुर सुंदरी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करके नया वर्ष मनाया।वही मां नर्मदा के तटो पर पहुंचकर लोगों ने मां नर्मदा में स्नान कर पूजन किया एवं जगह जगह बांटी भरता प्रोग्राम किया गया। वही हमारे संवाददाता ने झोतेश्वर परमहंसी गंगा का जायजा लिया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नन्हे मुन्ने बच्चे महिलाएं नवयुवक और सभी लोगों ने भारी तादाद में पहुंचकर जश्न मनाया।इस मौके





पर परमहंसी चौकी से मंदिर तक बड़ी संख्या में मेला से भी अधिक भीड़ भाड़ रही।जिसके चलते पुलिस को साल के प्रथम दिवस पर माता के दर्शनों की भीड़ के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी।लेकिन पुलिस सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रही जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भावना मरावी,नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ,परमहंसी चौकी प्रभारी दिलीप सिंह,एसआई गौरव नेमा,प्रशांत सिंह सहित समूचा बल ने इस नव वर्ष पर इस आध्यात्मिक क्षेत्र में मोर्चा सम्हाला।नए वर्ष में मां नर्मदा तट मुआर घाट,झांसीघाट,टोन घाट सांकल घाट,एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर भारी भीड़ देखी गई।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर में की गई महाआरती



**गोटेगांव**-नगर के स्थानीय बगतला तालाब के पास स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में हनुमान जी की महाआरती पंडित ओमप्रकाश द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ रूपेश सराफ के जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन किया गया वहीं हनुमान जी के चरणों में मिठाई,लड्डू का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया।इस अवसर पर शंकर राय,राजा पटेल,अनुज नामदेव,अभिषेक राय,कृपाल झरिया,रोहित यादव,राजा यादव,जित्तू यादव,जय,विजय,रोहित गुप्ता,सीताराम रजक, अनंत केसरवानी, शिवा नेमा, शिवकुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# स्थायी रजिस्ट्रार ना होने से बढ़ रही परेशानियों, शासन के जवाबदार अधिकारी मौन

**गोटेगांव।** विगत कई दिनों से गोटेगांव का एकमात्र उप पंजीयक कार्यालय जवाबदार अधिकारी रजिस्ट्रार के बिना सूना है हफ्ते में प्रभारी बनाए गए रजिस्ट्रार लखनादौन से दो दिन ही आते हैं।और जमीन संबंधी रजिस्ट्री कराने के लिए नगर और आसपास की जनता परेशान हो रही है।साथ ही अधिकारी के स्थायी ना होने से दलालों का बोलबाला होता जा रहा है जिसके कारण नासमझ रजिस्ट्री कराने वाला या जमीन बेचने वाला इन दलालों के चंगुल में फंस जाता है और तो और यह रजिस्ट्री कराने वाले से अपना हिस्सा सीधे ना लेकर स्टाम्प वेंडरों के मार्फत लिया जाने लगा है। आजकल एक नया नियम प्रभारी रजिस्ट्रार ने बना लिया है इसलिए रजिस्ट्री कराने वाले को कागजों की कापी तुरंत नहीं दी जाती है वह उस खरीददार को स्टाम्प वेंडरों के मार्फत दी जाती है आखिर क्यों।




ऐसा नियम किसने बनाया जिस कारण गरीब जनता अपने आपको ठगी सी महसूस कर रही है तत्कालीन रजिस्ट्रार की छवि बेहतर होने के कारण लोग आज भी उनको याद करते हैं शासन के पास इसका कोई स्थायी समाधान नहीं है।आखिर क्यों हो रहा है ऐसा।गोटेगांव नगर में जब भी उप पंजीयक कार्यालय में कोई प्रभारी आया है तो नगर और आसपास ग्रामीण क्षेत्र में जन चर्चा का विषय जरूर बना है।कितना अच्छा नियम बनाया की स्टाम्प वेंडरों के द्वारा अपना हिस्सा रजिस्ट्रार खुद लेने लगा है जिससे जनता लूटने को आमादा है।इसके पहले गोटेगांव के रजिस्ट्रार ऑफिस में इतना नियम नहीं था।क्या मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री जगदीश देवड़ा जी इस ओर ध्यान देंगे या फिर अपने आपको गरीबों की सरकार कहलाने वाली मध्यप्रदेश सरकार गरीबों का शोषण इस माध्यम से करती रहेगी।स्मरण हो कि एक ओर भारत सरकार के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधान मंत्री गरीबों को अपना पक्का आवास देने के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना चला रहे हैं जिससे गरीबों को उनका अपना पक्का मकान हो उनकी अपनी छत हो और वहीं दूसरी ओर गोटेगांव के उप पंजीयक कार्यालय का यह हाल है तो प्रधानमंत्री आवास योजना क्या सफल हो पाएगी।हर तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है समूचे भारत और मध्यप्रदेश में अधिकारियों से बेशकीमती अवैध संपत्ति काली कमाई शासन द्वारा छापा डालकर जब्त की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर ऐसा हिस्सा किसी दूसरे के माध्यम से अधिकारी का लेना जनता में जन चर्चा का विषय भी बनता जा रहा है आखिर गोटेगांव उप पंजीयक कार्यालय क्या इन प्रभारियों की वैशाखी पर ही बैठा गरीबों को चूना लगाता रहेगा या शासन इसका कोई स्थायी समाधान भी करेगा और स्थिति रजिस्ट्रार की व्यवस्था करेगा। शासन ध्यान देकर कार्यालयों में हो रही दलाली को बिचौलियों से मुक्त कराए।